/b>

MATTERS UNDER RULE 377

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the House shall take up Matters under Rule 377.

Title: Need to resume air services from Jabalpur.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जबलपुर नगर में नागर विमानन सेवा नागरिकों हेतु उपलब्ध थी। इस सेवा में बोइंग विमान चलते थे किन्तु सेवा में सवारियो की कमी बताकर इस सुविधा को समाप्त कर दिया गया। फलस्वरूप इस प्रसिद्ध व्यावसायिक, औद्योगिक तथा रक्षा विभाग नगर के लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

जहां तक हवाई अड्डे का प्रश्न है, यह अत्यंत सुगम व चालू हालत में है। अभी हाल के चुनावों में विभिन्न राजनीतिक व्यक्तियों ने अपने वायुयानों के लिये हवाई अड्डे का प्रयोग किया था।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस नगर के हवाई सेवा चाहने वाले यात्रियों हेतु इस अड्डे को किसी अन्य प्रमुख हवाई अड्डे जैसे नागपुर, भोपाल, मुम्बई आदि से चलने वाली सेवा से जोड़कर यहां पुन: नागरिक वायु सेवा उपलब्ध कराकर जनता के साथ न्याय करें।